पर्यटन एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सीएस।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएस ने की पर्यटन एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरुवार को सचिवालय स्थित अपने सभागार में पर्यटन एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ मानसखण्ड कॉरिडोर विकसित करने एवं रोप–वे निर्माण परियोजनाओं के चिन्हीकरण एवं क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसखण्ड कॉरिडोर के अन्तर्गत कुमाऊं मंडल में स्थित महत्त्वपूर्ण मंदिरों को जोड़ने हेतु अच्छी गुणवत्ता की सड़कों के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने इसमें पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जा सकने वाले क्षेत्रों को भी शामिल करने के निर्देश दिए।

### विकासनगर में आयोजित हुआ स्वास्थ्य मेला

**संवाददाता** देहरादून। आयुष्मान भारत योजना की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में राज्य के समस्त विकासखण्डों में स्वाथ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विकासनगर विकासखण्ड में आशाराम वैदिक इंटर कॉलेज विकासनगर में आयोजित स्वास्थ्य मेले का विधायक मुन्ना सिंह चौहान द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। विधायक द्वारा स्वास्थ्य मेला परिसर में स्थापित विभिन्न विभागों आयुर्वेदिक चिकित्सा, होम्योपैथिक, कृषि विभाग, उद्यान आदि विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया गया।

### बच्चों ने दिया गर्मी से जानवरों, पक्षियों को बचाने का संदेश

**संवाददाता** देहरादून। तेजस्विनी चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से अपने सपने संस्था के बच्चों को स्टेशनरी बांटी गई। वहीं इस मौके पर एक ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन भी किया गया जिसमें ज्योति, सिमरन व कोमल प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। जिनको कॉर्निटोस की ओर से गिफ्ट हैम्पर इनाम स्वरूप दिये गए। गौरतलब है कि स्कूल खुल चुके हैं और इस वक्त बच्चों को कॉपी किताबों की आवश्यकता पड़ रही है।

### ओलंपस हाई में आयोजित हुआ 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए फेयरवेल

**संवाददाता** देहरादून। ओलंपस हाई ने आज स्कूल परिसर में 2021–22 के कक्षा 12वीं बैच के निवर्तमान छात्रों के लिए बड़े उत्साह और जोश के साथ फेयरवेल समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। समारोह का मुख्य आकर्षण मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं, जिसमें 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सुन्दर प्रदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने कई रोचक और पेचीदा खेलों में भी हिस्सा लिया।

# जन कल्याणकारी योजना बनाये जाने के निर्देश

**समीक्षा**

■ कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने की खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की समीक्षा बैठक

■ ग्रामीण महिलाओं को गैस की उपलब्धता शीघ्र कराने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की समीक्षा बैठक विधानसभा स्थित कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित की गई।

बैठक में मंत्री द्वारा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में चर्चा की। मंत्री ने विभागीय ढांचे, कृषकों के मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत गेहू/धान की खरीद/आवश्यक वस्तुओं के वितरण/निरीक्षण, बाँट माप तोल के उपकरणों का मानकीकरण एवं प्रवर्तन, राज्य में आवश्यक वस्तुओं के मुल्य नियंत्रण पर निगरानी से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।



मंत्री ने राशनकार्ड धारकों/राशन विक्रेताओं की समस्याओं के निराकरण तथा ग्रामीण महिलाओं को गैस की उपलब्धता शीघ्र कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये।

मंत्री ने गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए प्रभावी जन कल्याणकारी योजना बनाये जाने के निर्देश दिये। जिससे गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को सरकारी की योजनाओं का बेहतर लाभ मिल सके।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को साल में 03 एलपीजी. सिलेंडर उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है जिसे आगामी कैबिनेट की बैठक में रखा जायेगा। मंत्री ने राशनकार्ड धारकों को फोर्टीफाइड नमक उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रस्ताव बनाये जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

बैठक में सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति, भूपाल सिंह मनराल, अपर आयुक्त पी.एस. पांगती, संयुक्त आयुक्तध्मुख्य विपणन अधिकारी डॉ० महेन्द्र सिंह बिसेन तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### गुरु तेग बहादुर साहेब जी के 400 वें प्रकाश पर्व पर सीएम ने दी राज्यवासियों को बधाई

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सिक्खों के नौवें गुरु तेग बहादुर साहेब जी के 400 वें प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रदेश वासियों को बधाई दी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में सिख समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को गुरु तेग बहादुर साहेब जी का चित्र भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर वीरता और साहस के प्रतीक थे। मानवता और धर्म की रक्षा के लिए उन्होंने बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर के त्याग को देश कभी नहीं भुला पायेगा। उन्हें हिंद दी चादर कहा जाता है। उन्होंने धार्मिक, सांस्कृतिक, वैचारिक स्वतंत्रता के साथ निर्भयता से जीवन जीने का मंत्र भी दिया।

इस अवसर पर केबिनेट मंत्री गणेश जोशी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक मदन कौशिक, महामंत्री संगठन अजेय कुमार, विधायक खजानदास, मेयर सुनील उनियाल गामा, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, उत्तराखंड सिख विकास परिषद् के अध्यक्ष बलजीत सिंह सोनी, गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष गुरुबख्श सिंह, रेसकोर्स गुरुद्वारा के अध्यक्ष बलवीर सिंह एवं अन्य गुरुद्वारों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मौनपालन को पायलट प्रोजेक्ट की तरह लिया जायः सीएम

**अवलोकन**

■ मुख्यमंत्री ने किया शहद निष्कासन कार्यक्रम का अवलोकन

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री आवास में गुरुवार को शहद निष्कासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा शहद निष्कासन कार्यक्रम का अवलोकन किया गया। इस दौरान लगभग 25 किग्रा शहद निकाला गया। मुख्यमंत्री ने उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मौनपालन को पायलट प्रोजेक्ट की तरह लिया जाय। जनपद चम्पावत में हाईटेक मौनपालन प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जाय। मौनपालन की सम्भावनाओं के सम्बन्ध में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत विवरण उपलब्ध कराया जाय।



मुख्यमंत्री ने उद्यान प्रभारी दीपक पुरोहित को मुख्यमंत्री आवास परिसर व परिसर से बाहर खाली स्थानों पर मौनपालन हेतु उपयुक्त स्थान का चयन करने के निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री आवास परिसर को औद्यानिकी क्रियाकलापों का उत्कृष्ट मॉडल के रूप में विकसित किया जाए, ताकि आवास में आने वाले आगुन्तकों को औद्यानिकी से सम्बन्धित उन्नत तकनीकों की जानकारी प्राप्त हो सके।

निदेशक उद्यान डा. हरमिन्दर सिंह बवेजा के द्वारा अवगत कराया है कि मधुमक्खियों के द्वारा परपरागण से उत्पादन में वृद्धि के साथ–साथ मधुमक्खियों से शहद उत्पादन के अतिरिक्त Royal Jelly] Propolis,Bees waÛ, Pollen, Comb Honey, Bee Venom आदि महत्वपूर्ण उत्पाद प्राप्त होते हैं। मधुमक्खियां जैव विविधता एवं पर्यावरणीय स्थिरता में भी सहयोग प्रदान करती है।

मधुमक्खी पालन से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के सृजित होने से कास्तकारों को अतिरिक्त आय प्राप्त होती है।

### वनाग्नि पर राजभवन की खामोशी प्रदेश को झुलसा रहीः मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश के बेशकीमती जंगल आग से धधक रहे हैं तथा बेजुबान वन्य जीव काल का ग्रास बन चुके हैं, लेकिन राजभवन चुपचाप तमाशा देख रहा है। नेगी ने कहा कि वनाग्नि काल से पूर्व सरकार को इसके उपायों पर होमवर्क करना चाहिए था, लेकिन सरकार को फुर्सत ही नहीं थी। 'वनों की आग जिस प्रकार विकराल रूप धारण कर चुकी है, राजभवन को तत्काल हेलीकॉप्टर को आग बुझाने के काम में लगाने हेतु सरकार को निर्देशित करना चाहिए। नेगी ने कहा कि वर्ष 2015 से 2021 तक वनाग्नि काल में 17980.96 हेक्टेयर जंगल खाक हो चुके हैं, जबकि कागजों में सरकार द्वारा प्रदेश के तमाम वन प्रभागों के अंतर्गत 1472 क्रू स्टेशन व 246 वॉच टावर स्थापित किए हुए हैं तथा कई अन्य इंतजाम भी किए हुए हैं, लेकिन वो इंतजामात नाकाफी हैं।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।